प्रेस नोट दिनांक 27-08-2023

(1). आज दिनाँक 27.08.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(2). आज दिनांक 27.08.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गये।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवली कर्वी श्री गुलाब त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 01 वांछित व 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

(क) उ0नि0 रामअधार सिंह उनके हमराही आरक्षी दीपांकर सिंह व महिला आरक्षी करूणा मिश्रा द्वारा मु0अ0सं0 489/2023 धारा 363/366/376क भादवि0 व ¾ पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त हर्षराज मिश्रा पुत्र अच्युत मिश्रा उर्फ राजाबाबू निवासी कलवलिया थाना राजापुर चित्रकूट हाल पता भौरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ख) उ0नि0 श्री राकेश मार्य तथा उनके हमराही राजीव सिंह द्वारा मु0अ0सं0 73/13 धारा 308/323/504 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त बच्चा केवट पुत्र रामकिशोर निवासी भैरोपागा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(4). पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा भोली-भाँली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडा गर्दी करने वाले अभियुक्त 1. गणेश सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह उम्र 40 निवासी ग्राम चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट 2. छोटा उम्र 23 वर्ष 3. गेदी उम्र 24 वर्ष 4. चुन्नू उम्र 29 वर्ष पुत्रगण नन्दा निवासीगण ओरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट 5. रामनरेश पुत्र शिवमंगल उम्र 40 वर्ष निवासी सभापुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट 6. दादू पुत्र गजराज उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम जरिहा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट 7. लालू यादव पुत्र राजा राम उम्र 28 वर्ष निवासी नाँदी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री नागेन्द्र कुमार नागर के मार्गदर्शन में 04 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

(क) व0उ0नि0 श्री राहुल कुमार पाण्डेय उनके हमराही आरक्षी विपिन कुमार द्वारा मु0अ0सं0 596/2019 धारा 323/504/506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त अजय पुत्र माताबदल निवासी ग्राम सिकरिया थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ख) उ0नि0 श्री रविकान्त राय तथा उनके हमराही आरक्षी नरेन्द्र कुमार द्वारा मु0अ0सं0 536/2019 धारा 323/504/506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त 1. कल्लू पुत्र जरैला उर्फ जरैइया 2. जयनारायण ठाकुर पुत्र गोली ठाकुर निवासीगण ग्राम चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ग) उ0नि0 श्री परशुराम यादव तथा उनके हमराही आरक्षी महेन्द्र शुक्ला व आरक्षी विकेश कुमार द्वारा मु0नं0 122/2019 मु0अ0सं0 501/2009 धारा 379/411 भादवि0 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त गौलाल पुत्र चुनवा निवासी पथरामानी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।